Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# भंडारण गृह के माध्यम से लॉकडाउन में हुआ बेहतर काम

**निरीक्षण**

## मंत्री धन सिंह का राज्य भंडारण निगम का औचक निरीक्षण

■हमारे द्वारा राज्य के भंडारण गृह निगमों का जीर्णोद्धार कराया गयाः धन सिंह रावत



**संवाददाता**

हरिद्वार। सहकारिता समेत उच्च शिक्षा और दुग्ध विकास एवं प्रोटोकॉल (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उत्तराखंड राज्य भंडारण निगम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमारे द्वारा राज्य के भंडारण गृह निगमों का जीर्णोद्धार कराया गया। भंडारण गृह के माध्यम से लॉकडाउन में बेहतर काम किया गया। भंडारण गृह के काफी अच्छी तरीके से संचालन के लिए निकाली गई कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र अमल में लाई जाएगी। उन्होंने जमालपुर स्थित इफको के गोदाम का भी निरीक्षण किया।

मंत्री ने कहा कि भंडार गृह के संचालन को बेहतर बनाने के लिए नियुक्तियां भी निकाली गई हैं। जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दो हजार करोड़ का सहकारी बैंकों के जरिये किये जाने वाले वितरण में भी तेजी लाई जाए। उन्होंने (एफपीओ) उत्पादक संगठन का गठन शीघ्र करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। किसानों को एफपीओ का लाभ जल्द से जल्द देना सुनिश्चित कर दिया जाए।

इस अवसर पर उप निबंधक एवं भंडारण के एमडी मान सिंह सैनी, एडीओ अमित सैनी, विनय सैनी, भंडारण निगम प्रभारी राकेश कुमार ने मंत्री धन सिंह रावत और भाजपा नेता विकास तिवारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

### शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का भी किया औचक निरीक्षण

डोईवाला। शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोईवाला में आज उत्तराखंड के उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में निर्माणाधीन महिला छात्रावास का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीसी नैनवाल ने महाविद्यालय में फर्नीचर की समस्या मंत्री के सामने रखी एवं मंत्री ने तुरंत ही महाविद्यालय को आश्वासन दिया कि जल्दी ही महाविद्यालय को फर्नीचर एवं उपकरणों हेतु 25 लाख की धनराशि स्वीकृत की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### निकाय सफाई कर्मचारियों पर पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य जयपाल वाल्मीकि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से वर्ष 2005 के बाद प्रदेश के स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारियों पर पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग की है ओर इसके लिए ज्ञापन प्रेषित किया है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश में स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी 2005 के बाद की नियुक्तियों को पुरानी पेंशन योजना के दायरे में लाने की आयोग ने सरकार से मांग की है क्योंकि नई पेंशन योजना से कर्मचारियों कई प्रकार की दिक्कते आयेंगे।

### पोषण माह सितम्बर 2020 का आयोजन किया गया

**संवाददाता** डोईवाला। बाल विकास परियोजना डोईवाला के तत्वाधान में पोषण माह सितम्बर 2020 हर साल की तरह इस वर्ष भी पोषण माह सितम्बर 2020 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोषण के पांच सूत्र बताते हुए परियोजना अधिकारी ने बताया कि 1000 सुनहरे दिन, एनीमिया से बचाव, दस्ट नियंत्रण, स्वच्छता और साफ सफाई और पौष्टिक आहार के माध्यम से उत्तराखंड के हर घर तक पोषण की दस्तक इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना से जुड़ी तमाम आशा और आगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डोईवाला के ब्लॉक प्रमुख भगवान पोखरियाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुमित्रा मनवाल के साथ तमाम विभाग के अधिकारियों ने कार्यक्रम में शिरकत की और महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास परियोजना की आयोजित इस कार्यक्रम की सफल बनाया।

### पियाजियो इंडिया ने स्पेशल एडिशन वेस्पा रेसिंग सिक्सटीज प्रस्तुत किए

**संवाददाता** देहरादून। आज पियाजियो इंडिया ने भारत में 125 एवं 150सीसी में क्लासिक व आकर्षक स्पेशल एडिशन वेस्पा रेसिंग सिक्सटीज प्रस्तुत किए। प्रतिष्ठित एवं टाईमलेस वेस्पा 1960 के रेसिंग वाहनों की सहजता व एक्सक्लुसिविटी प्रस्तुत करता है। यह युग स्पीड एवं जीत की भावना का युग था। नई वेस्पा स्पेशल सीरीज टेक्नॉलॉजी की दृष्टि से उन्नत वेस्पा एसएक्सएल 150 बीएस6 एवं एसएक्सएल 125 बीएस6 पर आधारित है। 'रेसिंग सिक्सटीज' एडिशन का अनावरण इस साल की शुरुआत में ग्रेटर नोएडा में आयोजित ऑटो एक्सपो 2020 में किया गया था। वेस्पा रेसिंग सिक्सटीज ब्रंड वेस्पा की प्रतिष्ठित छवि को बढ़ाता है। इसमें विभिन्न एस्थेटिक विकल्पों द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समावेश किया गया है।

## निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत होने पर श्वेता व विजेन्द्र का हुआ सम्मान



**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय में उपनिरीक्षकपद पर पदोन्नत हुए नैनी सैनी एयरपोर्ट प्रभारी श्रीमती श्वेता दिगारी व थानाध्यक्ष धारचूला के विजेन्द्र शाह को जिला मुख्यालय में पुलिस अद्यीक्षक प्रीति प्रियदर्शनी ने दोनों के कंधों में तीसरा सितारा लगाकर उनका सम्मान किया। पदोन्नति मिलने पर दोनों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। दोनों ने मिले सम्मान पर पुलिस अद्यीक्षका का हार्दिक आभार भी जताया है। इस दौरान तमाम पुलिस के जवान मौजूद रहे। लंबे अन्तराल के बाद जिले में दोनों उपनिरीक्षकों को जिले में सम्मान मिलने व पदोन्नति मिलने पर पुलिस महकमें में खुशी की लहर है।

## सीडीओ ने किया उड़ान कलस्टर ग्रोथ सेन्टर एवं सरस मार्केट का औचक निरीक्षण

महिलाओं द्वारा निर्मित मसाला बनाने की विधि को देखा व जानकारी ली

**संवाददाता** रूद्रपुर/गदरपुर। जिलाधिकारी रंजना राजगुरू के निर्देशों के क्रम आज मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु खुराना ने गदरपुर व रूद्रपुर के उड़ान कलस्टर ग्रोथ सेन्टर एवं सरस मार्केट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा उड़ान कलस्टर ग्रोथ सेन्टर गदरपुर में महिलाओं द्वारा निर्मित मसाला बनाने की विधि को देखा व जानकारी ली। उन्होंने समूह की महिलाओं से कहा कि वे अपने स्तर पर ही मसाला बानाने में प्रयोग होने वाले सामाग्री धनिया, हल्दी, मिर्च, आदि को उत्पादित करने को कहा ताकि समूह की महिलाओं का जीवन स्तर को बढाया जा सके।

उन्होंने वहां पर निर्मित नैनो पैकेजिंग यूनिट का भी जायजा लिया। जिसमें मसालों की पैकिंग का भी कार्य महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने ब्रेकरी ग्रोथ सेन्टर में समूह की महिलाओं को दिये जा रहे प्रशिक्षण की भी जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने रूद्रपुर में ब्रेकरी ग्रोथ सेन्टर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित ब्रेड, बन्द, रस आदि की गुणवत्ता व पौष्टिकता के बारे में जानकारी ली व ग्रोथ सेन्टर को बढ़ाने के लिये किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान सरस मार्केट का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर पीडी हिमांशु , बीडीओ गदरपुर, डीडी रोहिताश यादव, ब्लाक मिशन मैनेजर रासीद आदि उपस्थित थे।

# नेपाल भी रखने लगा भारत की गतिविधि पर नजर

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

चीनी सेना के दूसरी बार घुसपैठ किये जाने पर चीन सीमा पर गश्त और हुई तेज

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ जिले की करीब एक सौ छतीस किमी सीमा चीन से लगी है। यह क्षेत्र पूरी ओर से उच्च हिमालयी क्षेत्र के अर्न्तगत आता है। यहां पहले से ही सीमा पर आईटीबीपी और दूसरी सेना के जवान चप्पे चप्पे पर मौजूद रहते है।

जानकारी के मुताबिक लद्दाख में चीनी सेना के दूसरी बार घुसपैठ किये जाने पर सीमांत जनपद मुख्यालय की चीन सीमा पर सुरक्षा और जवानों की गश्त और भी ज्यादा बड़ा दी गई है। इलाके में वायु सेना के विमान से सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

बता दें कि सामान्य हालातों में सीमा पुलिस बल के कमान अधिकारी व द्वितीय स्तर के कमान अधिकारी की तैनाती कम ही होती है। चीनी सेना के द्वारा आये दिन किये जा रहे घुसपैठ को लेकर सीमा पर तनाव बढ़ने के ज्यादा हालात नजर आने लगे है। जब भी सीमा पर तनाव बढ़ने की स्थिति होती है तो इन कमान अधिकारियों को सीमा पर तुरंत मुस्तैद किया जाता है। वही सुरक्षा ऐंजेंयों से मिली जानकारी के मुताबिक चीन ने कैलाश मानसरोवर झील के पास मिसाइल साइट का निर्माण कर लिया है। जिला मुख्यालय से मिसाइल साइट की दूरी सौ किमी है। हालात नाजुक होने में सेकेंड का समय भी नही लग सकेगा।

दूसरी ओर भारत चीन के बढ़ते तनाव को देखते हुए नेपाल सरकार ने भी अपनी सेना को भारतीय सेना की लिपुलेख पर की जा रही गतिविधियों पर नजर रखने के आदेश दिये है। यह इलाका लिपुलेख भारत और नेपाल और चीन सीमा को जोड़ने में आसान है।

वही पूरे इलाके में अब बढ़ते तनाव को लेकर स्थितियां और भी कठिन होने के हालात बनते नजर आ रहे है। मौके पर देर सांय जनपद मुख्यालय को जोड़ने वाली चीन सीमा पर पूरी तरह चौकसी के इंतजाम कर लिये गये है।

### समाजसेवी ने की सड़कों की मरम्मत किये जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। समाजसेवी आकाश जोशी अक्कू ने पीडब्ल्यूडी व एडीबी के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर सड़कों की मरम्मत किये जाने की मांग की है ओर कहा कि सड़कें खराब होने से दुर्घटनायें घट रही है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि विधानसभा सहसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटडा संतूर में नंदा की चौकी से सुभारती मेडिकल कॉलेज तक की सड़क अत्यधिक खराब हो चुकी है उक्त सड़क में पानी की निकासी ना होने के कारण पानी जमा हो जाता है जिससे सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे पड़ गए हैं उक्त सड़क पर प्रत्येक दिन कई दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि उक्त सड़क पर प्रत्येक दिन हजारों लोगों का आवागमन होता है जिससे कि उनको आवागमन कर रहे राहगिरो को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उक्त सड़क पर टोंस ब्रिज स्कूल एवं सुभारती मेडिकल कॉलेज भी है जहां पर प्रत्येक दिन सैकड़ों बीमार लोग अपना इलाज कराने आते हैं सेकड़ो बच्चे पढ़ाई करने के लिए आते है।